प्रेस उद्घोषणा

शुक्रवार, 05 जनवरी 2024.

चार सालों के विराम के बाद, उभरी हुई उमंग के साथ, शनिवार 03 फरवरी 2024 को, दोपहर 3 बजे, मुंबई के ऐतिहासिक ‘ऑगस्ट क्रांती मैदान’ से हमारी प्रस्तावित **‘मुम्बई क्वियर प्राइड मार्च’** वार्षिक पदयात्रा फिर से संपन्न होगी । हमारे साथ इस पदयात्रा में शामिल होकर यौनिक अल्पसंख्य व्यक्तियों के मानवाधिकारों के आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए हम आपको आवाहन कर रहे हैं ।

मुंबई के यौनिक अल्पसंख्यक व्यक्ति और संस्थाओं ने मिलकर निर्माण किए हुए ‘मुम्बई क्वियर प्राइड’ नामक हमारे संगठन ने इस पदयात्रा का आयोजन किया है । पदयात्रा की आवश्यक क़ानूनी अनुमतियों की आवेदन प्रक्रिया हमने शुरू की है, उसके बारे में हम यथासमय मीडिया में जानकारी प्रसारित करेंगे ।

‘मुम्बई क्वियर प्राइड मार्च’ पदयात्रा का अर्थ है –

- यौनिक अल्पसंख्य समुदाय की बाहरी विविधता और आंतरिक एकता का उत्सव,
- हमारी ज़िंदगी की ख़ास चुनौतियों के बारे में सामाज में जागरूकता,
- समान विवाह व बच्चे गोद लेने जैसे अधिकारों की माँग,
- भेदभावविरोधक तथा हिंसाविरोधक कठोर क़ानूनों की माँग,
- ट्रान्सजेण्डर व्यक्तियों का समावेश करनेवाली समितियों का निर्माण और ट्रान्सजेण्डर कल्याण की ठोस योजनाओं पे अमल,
- एच.आय.वी. बाधित व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षण, रोजगार व आवास जैसी सेवाएँ सुगम्य करके उनके विरुद्ध सामाज में भेदभाव मिटाने की माँग,
- सभी प्रकार के सामाजिक भेदभाव व हिंसा के त्वरित निवारण की माँग ।

समाज के अनेक प्रतिष्ठित विचारक, कार्यकर्ता, कलाकार, नाटक और सिनेमा निर्माता, अभिनेता, अन्य सामाजिक आंदोलक, बच्चों के माता-पिता, शिक्षक, डाक्टर, वकील, कार्पोरेट अधिकारी, आदि बहुत सारे व्यक्ति हमारे आंदोलन में शामिल होते हैं ।

इस पत्रक के द्वारा हम सारे पत्रकार और प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों को हमारे संगठन की ओर से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निवेदन करते हैं । तथा, इस कार्यक्रम का वार्तांकन संवेदनायुक्त व

उचित शब्दों में करने का भी आवाहन करते हैं। इस पदयात्रा और आंदोलन के बारे में अधिक जानने के लिए कृपया हमारे निम्नलिखित प्रतिनिधियों से संपर्क करें –

- अंजली सिरोया – 9664075330
- आशिष पंड्या – 9824215449
- सुधांशू लताड – 8698632699
- सुहेल अब्बासी – 9821016939
- सौरभ बोन्द्रे – 9892973091
- विनी चोपरा – 7738498335
- हरीश अय्यर – 9833100340

पदयात्रा के एक महीना पहले इसी से जुड़ी हुई कलाप्रस्तुतियाँ, उद्बोधन, चर्चाएँ, फ़िल्म प्रदर्शन, कथा, कविता, नृत्य-संगीत, आदि अनेक कार्यक्रम मुंबई में आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों की पूरी तालिका हमारी वेबसाटइ पर उपलब्ध है, जिसकी लिंक यूँ है - mumbaiqueerpride.in

पदयात्रा में हिस्सा लेनेवाले और हमारा समर्थन करनेवाले सभी से विनम्र निवेदन है कि पदयात्रा के दौरान हर क़ानून का पालन करें। पदयात्रा हर प्रकार के व्यक्ति को सुरक्षित और समावेशक लगे इस हेतु हमें यह ध्यान देना होगा कि कोई भी किसी भी क़ानून का उल्लंघन न करे।

अन्य सामाजिक आंदोलकों के कार्यकर्ताओं का हमारी पदयात्रा में स्वागत करते हुए हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यौनिक अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों के उद्देश से ही हमारी पदयात्रा आयोजित हुई है। इस पदयात्रा में शामिल हर व्यक्ति का पहनावा, भाषण, घोषणा, क्रियाएँ, फलक, बोर्ड्स, बैनर आदि इसी उद्देश के अनुकूल हों। किसी भी व्यक्ति या समूह के बारे में द्वेष, विभाजन, अवमान, भेदभाव, विध्वंस, हिंसा, आदि प्रकट करनेवाले विचार, शब्द या क्रिया को हमारे आन्दोलन में कोई स्थान नहीं, बल्कि ऐसे विचारों का निषेध और निवारण करने के लिए ही हमारा यह आंदोलन है।

हमारे कार्यक्रमों व पदयात्रा में आप की उत्साहजनक व स्नेहवर्धक उपस्थिति का स्वागत करने के लिए हम उत्सुक रहेंगे।

सस्नेह भवदीय,
मुम्बई क्वियर प्राइड।